# समाचार

# श्रीमती श्यामकली डहरिया को उनकी सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

## (माह जनवरी हेतु निगम की '' फेस आफ मंथ '' चुनी गई श्रीमती डहरिया निगम की सेवा से हुई निवृत्त )



कोरबा 31 जुलाई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के जन्म–मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया को आज निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की अगुवाई में निगम के जन्म–मृत्यु पंजीयन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया की स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

निगम के जन्म–मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया 28 वर्षो तक निगम में अपनी सेवाएं देने के पश्चात आज सेवा से निवृत्त हो गई, उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की अगुवाई में संबंधित शाखा के अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया द्वारा निगम को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं को याद किया। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने कहा कि श्रीमती डहरिया ने पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ निगम में अपनी सेवाएं दी, वे जन्म–मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत थी, निगम के जन्म–मृत्यु का रजिस्टार होने के नाते उन्होने मेरे अधीनस्थ कार्य किया, मैं श्रीमती डहरिया की निष्ठा एवं कार्य के प्रति लगन से भलीभांति परिचित हूँ, कार्य के प्रति उनकी निष्ठा के बदौलत ही उन्हें जनवरी माह में निगम का '' फेस आफ द मंथ '' भी चुना गया था, जो उनकी एक बड़ी उपलब्धि रही है। इस मौके पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री सुनील वर्मा सहित स्वच्छता विभाग एवं जन्म–मृत्यु पंजीयन विभाग के सभी कर्मचारियों ने श्रीमती डहरिया को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया, उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की, साथ ही स्मृतिचिन्ह भेंट किए।

सम्मान समारोह में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा के साथ ही स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र कुमार थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, सतानंद द्विवेदी, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तमदास महंत, रविकरण सिंह, श्रीमती पुष्पा राठौर, ललिता, कमलकांत शर्मा, सचिन, धनमोहन रात्रे, पंकज गभेल, संदीप कैवर्त्य, शिव उरांव, रामी डहरिया, मालती सोनी, दिनेश अघरिया, गायत्री साहू आदि के साथ अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।